दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 30 दिसम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 92

## आदिवासी नृत्य महोत्सव का सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोग घर बैठे ही ले रहे आनंद







» तीसरे और अंतिम दिन भी सांध्यबेला में जनजातिय जीवन शैली की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही

» देश और विदेश से आए जनजातीय कलाकारों के डांस वीडियो जमकर हो रहे वायरल

» हर घण्टें 2 हजार लोग देख रहे टीजर वीडियो

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का लाखों लोग सोशल मीडिया के जरिए घर बैठे ही आनंद उठा रहे है। कड़ी ठंड के बावजूद साईस कॉलेज मैदान में देर रात बड़ी संख्या में लोग देश और विदेश से आए जनजातीय कलाकारों के मनमोहक नृत्यों का लुत्फउठा रहे है वहीं लाखों की संख्या में लोग अपने घरों में ही बैठकर सोशल मीडिया के जरिए इसे लाइव देख रहे है। मुख्यमंत्री और जनसंपर्क विभाग के साथ ही ट्राइवलफेस्ट-2019 के ऑफिशियल फेसबुक पेज पर आदिवासी नृत्य महोत्सव का लाईव प्रसारण होने से इस कार्यक्रम ने प्रदेश के साथ ही देश-विदेश में बैठे लोगों तक अपनी आसान पहुंच सुनिश्चित की है। महोत्सव के दूसरे दिन के कार्यक्रमों के टीजर वीडियो को मात्र 6 घण्टें में ही 13 हजार लोगों ने देख लिया है इस वीडियों को प्रतिघण्टा 2 हजार से अधिक लोग देख रहे है। इसी तरह प्रथम दिन राहुल गांधी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित महोत्सव के शुभारंभ समारोह के वीडियों को अब तक 90 हजार से अधिक लोगों ने देख लिख है और संख्या लगातार तेजी से बढ़ रही है।

छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव को लेकर लोगों के कमेन्टस् भी जबरदस्त आ रहे है। सूर्यकांत सिन्हा ने इस अनोखी पहल के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा है कि इस आयोजन से निश्चित ही आदिवासी कलाकारों का खोया हुआ सम्मान उन्हें वापस मिलेगा। जीवन लाल चन्द्राकर ने लिखा कि हमर कला व संस्कृति के सुघ्घर पहचान, सबला देवत हे बराबर सम्मान। हितेश देशमुख ने लिखा कि इस आयोजन ने छत्तीसगढ़ और यहां के आदिवासियों का मान विश्व में बढ़ाया।

### अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुति में श्रीलंका, बेलारूस और मालद्वीप के कलाकार छाए

» झारखंड की मर्दानी झूमर और पाइका नृत्यः जनजातीय संस्कृति की जीवंत झलक

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन भी सांध्यबेला में जनजातिय जीवन शैली की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आदिवासी नृत्यों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को बांधे रखा। झारखंड की मर्दानी झूमर और पाइका नृत्य ने एक बार फिर साबित किया कि उनकी जीवनचर्या में सांस्कृतिक विरासत किस तरह घुली मिली है। अपने जीवन शैली की बानगी उनके नृत्य में देखने को मिली जिसे जमकर सराहना मिली।

अब बारी थी अंतरराष्ट्रीय आदिवासी नृत्य की। सांध्यबेला में पड़ोसी देश श्रीलंका के कलाकारों ने पीकॉक डांस बेहद मनोरम तरीके से प्रस्तुत किया। संगीत और नृत्य का गजब का संयोजन ने दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। इन कलाकारों को दर्शकों की खूब वाहवाही मिली। सात हजार किमी दूरी तय कर आये बेला रूस के कलाकारों ने लेवोनिखा नृत्य से समाँ बांधा। बेलारूस के नर्तक दल ने जो नृत्य किया उसे सामुदायिक समागम, खुशी, उत्साह, विवाह, फसल कटाई के अवसर पर समूह में किया जाता है। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य समारोह में बेलारूस की संस्कृति, लोककला को संगीत और नृत्य के माध्यम से दर्शकगणों को अभिभूत कर दिया। लोक नृत्य 'लेवोनिखा' प्रेम का प्रतीक है। नृत्य प्रस्तुति के समय कलाकार एक विशेष कपड़ा हाथों में लिए रहते हैं। दर्शकों ने इस नृत्य का दिल थामकर आनंद लिया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मोदी ने झारखंड के सीएम के रूप में शपथ लेने के लिए हेमंत सोरेन को बधाई दी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए हेमंत सोरेन को रविवार को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के विकास के लिए केन्द्र की ओर से हरसंभव सहायता दिये जाने का आश्वासन दिया।

### झारखंड सरकार सभी लोगों के हित में काम करेगीः राहुल

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि झारखंड की नयी सरकार सभी नागरिकों के हित में और राज्य की समृद्धि एवं शांति के लिए काम करेगी। गांधी ने रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण सहारोह में भाग लेने के बाद एक ट्वीट में कहा, मैंने आज रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के और कांग्रेस के मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। मुझे पूरा भरोसा है कि झारखंड की नयी सरकार सभी नागरिकों के हितों में काम करेगी और राज्य में शांति एवं समृद्धि का युग लेकर आएगी।

### मिस्र में भारतीय पर्यटकों को ले जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, 22 की मौत

**काहिरा।** मिस्र के ऐन सोखना शहर के पास शनिवार को 16 भारतीय पर्यटकों को ले जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस सड़क हादसे में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई तथा 23 अन्य लोग घायल हो गए। मिस्र की सरकारी न्यूज एजेंसी ने बताया कि फैक्ट्री के श्रमिकों को लेकर जा रही एक बस पोर्ट सईद-दमित्ता राजमार्ग पर एक ट्रक से टकराने के बाद पलट गयी। इस हादसे में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गयी। बता दें मरने वालों में भारतीय पर्यटक भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में 24 अन्य लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। साथ ही इसकी सूचना विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी दे दी गई है। काहिरा में भारतीय दूतावास ने अपने ट्विटर हैंडल से हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। सड़क हादसे के शिकार लोगों में भारतीय और मलेशियाई पर्यटक शामिल हैं। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी।

### इस्लामाबाद के एक कैफे में हुआ धमाका, 13 लोग घायल

**इस्लामाबाद।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के इस्लामाबाद में शनिवार रात हुए एक धमाके में 13 लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। घायल हुए सभी लोगों को आनन-फानन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह धमाका इस्लामाबाद स्थित एक कैफे में हुआ। इस घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस्लामाबाद स्थित एक कैफे में अचानक गैस सिलिंडर फट गया। इसकी वजह से बिल्डिंग का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में 13 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर रेस्क्यू टीम पहुंच गई और बचाव कार्य शुरू कर दिया। यह घटना इस्लामाबाद के जिन्ना सुपरमार्केट के नजदीक हुई।

### उद्धव ठाकरे मंत्रिपरिषद का विस्तार आज

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार की मंत्रिपरिषद का विस्तार सोमवार को होने वाला है। हालांकि इससे पहले ही, शिवसेना और शरद पवार की पार्टी एनसीपी के बीच फिर से मतभेद सामने आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, एनसीपी की नजर गृह और नगर विकास विभागों पर है, लेकिन शिवसेना इसे अपने पास रखना चाहती है। हालांकि महा विकास अघाड़ी के नेताओं का कहना है कि कहीं किसी तरह का मतभेद है और सरकार में सब कुछ ठीक चल रहा है। फिर भी मतभेद के सवाल इसलिए खड़े हो रहे हैं क्योंकि विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एनसीपी अपने लिए शिवसेना से गृह और नगर विकास मंत्रालय चाहती है, लेकिन शिवसेना इसके लिए तैयार नहीं है।

## दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए गए महानायक अमिताभ बच्चन



**नईदिल्ली(आरएनएस)।** महानायक अमिताभ बच्चन को रविवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया। 23 दिसंबर को 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का वितरण हुआ था। उस दौरान अमिताभ खराब सेहत के चलते यह सम्मान नहीं ले पाए थे। तब उप-राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने फिल्म अवॉर्ड्स का वितरण किया था। समारोह में जया बच्चन, अभिषेक बच्चन के साथ ही कई गणमान्य हस्तियां मौजूद थीं।

दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद अमिताभ बच्चन ने भारत सरकार को धन्यवाद दिया है। सम्मान मिलने के बाद बच्चन ने भारत सरकार, ज्यूरी के सदस्यों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा, माता-पिता के आशीर्वाद के अलावा भारत की जनता के प्यार की बदौलत आज मैं यहां पर खड़ा हूं। अमिताभ ने कहा कि जब इस पुरस्कार की घोषणा हुई तो मेरे मन में सवाल आया कि क्या मेरा काम पूरा किए जाने या रिटायरमेंट लिए जाने का यह संकेत है? तो मैं आप सबको बता देना चाहता हूं कि मुझे अभी बहुत काम करने हैं।

## हेमंत सोरेन बने झारखंड के 11वें मुख्यमंत्री

**रांची (आरएनएस)।** झारंखड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन रांची के मोरहाबाद मैदान झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वहीं हेमंत सोरेन के अलावा कांग्रेस के विधायक आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव और आरजेडी विधायक सत्यानंद भोक्ता ने हेमंत सोरेन के साथ मंत्री पद की शपथ ली है। 44 वर्षीय हेमंत सोरेन राज्य में दूसरी बार मुख्यमंत्री का पद संभालेंगे। वे झारखंड के 11वें मुख्यमंत्री बने हैं। इसके पहले वह 2013 में कांग्रेस गठबंधन की सरकार में मुख्यमंत्री रह चुके हैं। सोरेन ने इसे राज्य के नवनिर्माण का संकल्प दिवस करार दिया है। सोरेन ने एक विज्ञप्ति जारी कर राज्य की सवा तीन करोड़ जनता से अपील की, मोरहाबादी आइए और हम सब इसके साक्षी बनें।

इससे पहले झारखंड विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के नेता सोरेन ने अपने सहयोगी दलों कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेताओं और विधायकों के साथ 24 दिसंबर की रात राज्यपाल से मुलाकात कर 50 विधायकों के समर्थन से राज्य में अपनी सरकार के गठन का दावा पेश किया था।

### » शपथग्रहण में राहुल-ममता समेत कई दिग्गज रहे मौजूद



रविवार को हुए हेमंत सोरेन के शपथ समारोह के दौरान मंच पर विपक्ष के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। नई सरकार के शपथ समारोह में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, पूर्व राज्यसभा सांसद शरद यादव, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, सुबोध कांत सहाय, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। इसके अलावा डीएमके नेता एमके स्टालिन, जेएमएम नेता और हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, एनसीपी नेता सुप्रिया सुलेऔर प्रदेश के पूर्व सीएम रघुबर दास भी मंच पर मौजूद रहे।

## ठंड में ठिठुरा उत्तर भारत, आम जनजीवन प्रभावित

**नईदिल्ली। उत्तर भारत रविवार को अत्यधित ठंड के चलते ठिठुर रहा है। क्षेत्रभर में पारा लुढ़कने के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई।**



भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में, लोधी रोड में 2.8 डिग्री सेल्सियस, पालम में 3.2 डिग्री और सफदरजंग में 3.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

घने कोहरे के कारण शहर में दृश्यता कम हुई और इसने हवाई यातायात और वाहनों के आवागमन को प्रभावित किया।

मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में पश्चिम राजस्थान और पश्चिम मध्य प्रदेश में कुछ स्थानों पर तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान में कुछ क्षेत्रों में पारा दो से तीन डिग्री तक बढने के बावजूद ठंड से कोई राहत नहीं है।

मौसम विभाग ने यह भी बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत के शेष हिस्सों में तापमान में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं हुआ। दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ में शीत लहर के चलते आईएमडी द्वारा रविवार को एक कोड रेड चेतावनी भी जारी की गई है।

आईएमडी के वर्गीकरण के तहत कोड रेड उच्चतम स्तर को दर्शाता है और जनता को प्रतिकूल मौसम में एहतियात बरतने की चेतावनी दी गई है।

आईएमडी की शनिवार रात की एक बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तरी गुजरात और ओडिशा के कुछ हिस्सों में भीषण शीतलहर की स्थिति की संभावना है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने कम से कम 14 भारतीय मछुआरों को कथित रूप से उसकी जलसीमा में प्रवेश करने पर गिरफ्तार किया है और उनके तीन जाल वाले जहाजों को जब्त कर लिया। श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि ये गिरफ्तारियां शनिवार को डेल्फ्ट द्वीप के उत्तर में समुद्र में की गई।बयान में कहा गया, '' श्रीलंका की नौसेना ने 28 दिसंबर को श्रीलंका के जल में अवैध रूप से मछली पकड़ने आए 14 भारतीय मछुआरों को तीन जहाजों के साथ पकड़ा।'' उम्मीद है कि मछुआरों को आगे की कार्रवाई के लिए चिकित्सीय परीक्षण के बाद जाफना में मत्स्य पालन सहायक निदेशक को सौंप दिया जाएगा।

## घने कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 13 ट्रेनें लेट

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** उत्तर भारत के कई हिस्सों में घने कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली करीब 13 ट्रेनें दो से छह घंटे तक देर चल रही हैं। यह जानकारी रविवार को अधिकारियों ने दी। उत्तरी रेलवे के अनुसार, गाजीपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस अपने तय समय से 6.15 घंटे देर रही, रीवा-आनंद विहार एक्सप्रेस छह घंटे और पुरु-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 5.30 घंटे देर रही।

वहीं डिब्रूगढ़-नई दिल्ली ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस भी 5.30 घंटे की देरी से चल रही है, जबकि गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस अपने तय समय से पांच घंटे पीछे चल रही है।

भागलपुर-आनंद विहार विक्रमशिला एक्सप्रेस 3.40 घंटे की देरी से चल रही है, जबकि हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस तीन घंटे और भागलपुर-आनंद विहार गरीबरथ भी तीन घंटे की देरी से चल रही है।

वहीं शनिवार को दिल्ली रवाना होने वाली करीब 24 ट्रेनें दो से छह घंटे की देरी से चल रही थी।

## सरहदों की सुरक्षा करने वाले जवानों के परिवार का ध्यान रखना सरकार की जिम्मेदारीः शाह

» दिल्ली में सीआरपीएफ महानिदेशालय भवन उद्घाटित



**नईदिल्ली(आरएनएस)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीआरपीएफ ने 1980 और 1990 के दशकों में पंजाब और त्रिपुरा से आतंकवाद को समाप्त करने और सीमावर्ती राज्यों मे पूरी शांति बहाल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नई दिल्ली में सीआरपीएफ मुख्यालय के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों ने देश को विखंडित करने के लिए युवाओं को दिग्भ्रमित करने के द्वारा दो राज्यों में आतंकवाद भड़काने की कोशिश की लेकिन उनकी सभी कोशिशें सीआरपीएफ द्वारा बेअसर कर दी गई।

उन्होंने कहा कि चाहे नक्सलवाद या दंगे की स्थिति से निपटना हो या जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण तरीके से अमरनाथ यात्रा का संचालन करना हो या भारत की संसद को सुरक्षाचक्र उपलब्ध कराना हो, सीआरपीएफ के जवान हमेशा आग्रणी बने रहते हैं। अर्ध सैन्य बलों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि अगस्त-सितम्बर, 2020 तक ऐसी सभी योजनाओं को अंतिम आकार दे दिया जाएगा, उनमें प्रमुख कदम यह होगा कि सभी जवान 365 दिनों में से कम से कम 100 दिन अपने परिजनों के साथ व्यतीत करेंगे।

## नए संसद भवन का 9.5 एकड़ में होगा निर्माण

» डीडीए ने भू उपयोग में प्रस्तावित बदलाव की अधिसूचना जारी की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद भवन, केंद्रीय सचिवालय और इसके आसपास राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक फैले हरित क्षेत्र में मौजूद सेंट्रल विस्टा के पुनर्विकास की महत्वाकांक्षी योजना आकार लेने लगी है और इसके लिए आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय जमीन भी चिह्नित कर चुका है।

इस योजना के तहत राष्ट्रपति भवन से लेकर इंडिया गेट के बीच लगभग तीन किमी क्षेत्र में 100 एकड़ से अधिक जमीन पर संसद भवन, केंद्रीय सचिवालय और सेंट्रल विस्टा के पुनर्विकास की योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा। दिल्ली में जमीन के मामलों का प्रबंधन करने वाली केंद्रीय एजेंसी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इस इलाके में लगभग 100 एकड़ जमीन को सात प्लॉट में बांट कर इनके मौजूदा भू-उपयोग में प्रस्तावित बदलाव की अधिसूचना 21 दिसंबर को जारी कर दी। डीडीए ने इस पर लोगों से 30 दिन के भीतर सुझाव या आपत्तियां मांगी हैं।

**आर्किटेक्ट कंसल्टेंसी कंपनी एचसीपी डिजायन बनाएगी डिजायन-** आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय ने योजना के डिजायन के लिए गुजरात की आर्किटेक्ट कंसल्टेंसी कंपनी श्एचसीपी डिजायनश् का चयन करने के बाद तीनों योजनाओं के लिए जमीन चिन्हित की है। इसके तहत 9.5 एकड़ जमीन संसद भवन की नई इमारत के लिए, 76.6 एकड़ जमीन केंद्रीय सचिवालय और 15 एकड़ जमीन आवास निर्माण के लिए इस्तेमाल में लाने का प्रस्ताव है।

